सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 203 | इंदौर, शुक्रवार 07 फरवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

◆ कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी, बोले-

## उनके लिए फैमिली फर्स्ट हमारे लिए नेशन फर्स्ट



**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास' उनकी सरकार का मूलमंत्र रहा है जबकि कांग्रेस का मूलमंत्र 'परिवार प्रथम' रहा है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि उसने राजनीति का एक ऐसा मॉडल तैयार किया था, जिसमें 'झूठ, फरेब, भ्रष्टाचार परिवारवाद, तुष्टीकरण आदि का घालमेल था। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस के मॉडल में 'परिवार प्रथम' ही सर्वोपरि है। इसलिए, उनकी नीति-रीति, वाणी-वर्तन उस एक चीज को संभालने में ही खपता रहा है।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह बड़े गर्व के साथ कहते हैं कि पांच-छह दशकों तक लोगों के पास वैकल्पिक मॉडल नहीं था लेकिन 2014 के बाद देश को एक नया मॉडल देखने को मिला, जो तुष्टीकरण पर आधारित नहीं है, बल्कि 'संतुष्टीकरण' पर आधारित है। उन्होंने कहा, ''पहले के मॉडल खासकर कांग्रेस के शासन में हर चीज में तुष्टीकरण था। यही उसकी राजनीति का सार बन गया। कुछ छोटे समूहों को कुछ देता और दूसरों को वंचित रखना। चुनाव के समय, झूठे आश्वासन दिया। उसने लोगों को बेवकूफ बनाकर अपनी राजनीति चलाई।'' मोदी ने कहा कि भाजपा नीत सरकार संसाधनों के अधिकतम उपयोग पर ध्यान केंद्रित कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवंत मीडिया और लोकतंत्र वाले देश ने उन्हें तीसरी बार देश की सेवा का मौका दिया और यह इसलिए संभव हो सका क्योंकि जनता ने विकास के उनके मॉडल को परखा, समझा और समर्थन दिया है। उन्होंने कहा, ''इस मॉडल को हमें एक शब्द में समझना है तो यह है 'राष्ट्र प्रथम'। इसी भावना और समर्पित भाव से हमने लगातार अपनी नीतियों में, अपने कार्यक्रमों में, वाणी-वर्तन के माध्यम से देश की सेवा करने का प्रयास किया है।''

## चैंबर में गिरा 2 साल का बच्चा

**सूरत**। गुजरात के सूरत में वरियाव इलाके में बुधवार शाम को एक 2 साल का बच्चा खुले मैनहोल में गिर गया। जानकारी मिलने पर सूरत फायर और इमरजेंसी सर्विसेज (SFES) के कर्मचारियों सहित स्थानीय लोग पहुंच गए। बच्चे को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। बच्चा अपनी मां के साथ राधिका पॉइंट के पास जा रहा था, तभी मैनहोल के खुले ढक्कन में गिर गया।

MP GIS 2025: मेगा इवेंट के लिए मोहन सरकार की मेगा तैयारी

# 250 एकड़ में दिखेगी संस्कृति और आधुनिकता की झलक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 24 और 25 फरवरी को ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस) का आयोजन होने जा रहा है। यह समिट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में भोपाल के राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आयोजित होगी। प्रदेश सरकार ने इस समिट की तैयारी शुरू कर दी है, और खास बात यह है कि जापान औद्योगिक विकास में सहयोगी भूमिका निभाने जा रहा है। 250 एकड़ में चल रही तैयारियों में मध्य प्रदेश से जुड़े अलग-अलग पवेलियन होंगे। खास कर ऑटो एक्सप्रो से लेकर रिन्यूअल एनर्जी तक के प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र होगी। इन प्रदर्शनियों के जरिए देशी और विदेशी मेहमानों को नवाचारों से अवगत कराया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीआईएस का शुभारंभ करेंगे। साथ ही उद्योग जगत के तमाम बढ़े उद्योगपति रहेंगे।

जीआईएस में हर बार अलग-अलग चीजों को लेकर प्रदर्शनी लगाई जाती है। इस बार भोपाल में हो रहे जीआईएस में सबसे खास ऑटो मोबिलिटी एक्सपो होगा। जिसमें अलग-अलग वाहन कंपनियों के न्यू मॉडल की गाड़ियां होंगी। साथ ही फ्यूचर में संभावित गाड़ियों का भी डेमो होगा। अभी तक ऑटो मोबिलिटी एक्सपो दिल्ली जैसे बड़े शहरों में होता था। ऐसे में माना जा रहा है कि जीआईएस में आए मेहमानों को ऑटो एक्सपो आकर्षित करेगा।

**एक हजार विदेशी मेहमान आएंगे** - इस बार जीआईएस में एक हजार से अधिक विदेशी मेहमान



भी आएंगे, जो दुनिया के अलग-अलग देशों के होंगे। वह मध्य प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को देखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खुद ही कुछ दिन पहले जापान जाकर वहां के उद्यमियों को एमपी आने का न्यौता दिया है। इससे पहले यूके और जर्मनी भी गए थे। इन तमाम जगहों से उनको बड़ी कंपनियों ने एमपी में निवेश का भरोसा दिया है। ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का कंट्री पार्टनर भी है। ऐसे में उम्मीद है कि बड़ी संख्या में विदेशी निवेशक मध्य प्रदेश में निवेश करेंगे।

**अंबानी से लेकर अदाणी तक आएंगे** - वहीं, इस बार समिट में भारत के भी दिग्गज उद्योगपति जीआईएस में आएंगे। इनमें मुकेश अंबानी से लेकर गौतम अदाणी तक के नाम हैं। साथ ही अन्य बड़े उद्योगपतियों ने भी एमपी सरकार का न्यौता स्वीकार किया है। इसमें टाटा ग्रुप के चेयरमैन केएन चंद्रशेखरन, विप्रो के अजीम प्रेमजी, महिंद्रा के आनंद महिंद्रा, एयरटेल के सुनील भारती मित्तल समेत कई बड़े नाम और भी है। इसके साथ ही मध्य प्रदेश और देश के अन्य छोटे उद्योगपतियों ने भी जीआईएस में आने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। ऐसे लोगों की संख्या 10 हजार के करीब पहुंच गई है।

**इन क्षेत्रों पर सरकार का रहेगा फोकस** - ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में राज्य के प्रमुख 6 सेक्टर्स पर केंद्रित समिट के आयोजन की महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। यह पहली बार होगा जब हर सेक्टर के विशेषज्ञ, नीति-निर्माता और निवेशक एक मंच पर आकर विशेषज्ञ चर्चाओं, अवसरों और नीतिगत सुधारों पर संवाद करेंगे। इसमें सरकार की कोशिश है कि शहरी विकास, टूरिज्म, खनन, रिन्यूएबल एनर्जी, आईटी, और एमएसएमई में अधिक से अधिक निवेश हो। साथ ही सरकार मध्य प्रदेश के उन प्रवासियों को भी एमपी में निवेश के लिए प्रेरित करेगी, जो अन्य जगहों पर जाकर बस गए हैं। सीएम ने अपने जापान दौरे के दौरान इसके संकेत भी दिए थे, वहां उन्होंने मध्य प्रदेश के लोगों से मुलाकात की थी।

**चार लाख करोड़ तक का निवेश आने की संभावना**- मध्य प्रदेश सरकार की कोशिश है कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट से कम से कम चार लाख करोड़ तक के निवेश प्रस्ताव आए। उद्योगपतियों को परेशानी ना हो और उन्हें लुभाने के लिए सरकार दनादन नई नीतियां ला रही है। ताकि बिना किसी परेशानी के उद्योगपति एमपी में अपने काम को आगे बढ़ाए। उसी का नतीजा रहा कि सीएम ने जापान से लौटते ही मध्य प्रदेश में सेमी कंडक्टर को लेकर नई पॉलिसी लाए। यह भारत में उभरता हुआ क्षेत्र है।

# महू के पास ट्रैवलर, बाइक और टैंकर में टक्कर

## चार की मौत, 17 घायल, महाकाल के दर्शन कर कर्नाटक जा रहे थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर के समीप मानपुर के भैरव घाट में शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई,जबकि 17 से ज्यादा लोग घायल हो गए। कुछ घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा ट्रैवलर और टैंकर के बीच हुआ। ट्रैवलर में सवार यात्री महाकाल दर्शन कर कर्नाटक लौट रहे थे। हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। इसमें दो कर्नाटक के निवासी बताए जा रहे है। पुलिस के अनुसार यह हादसा शुक्रवार



को हुआ। तेज गति से आ रहे ट्रैवलर वाहन ने पहले दो बाइक सवार युवकों को टक्कर मारी।इसके बाद वह एक टैंकर में जा घुसा। टक्कर से बाइक सवार युवक उछल कर दूर जा गिरे और उनकी मौके पर ही मौत हो गए,जबकि ट्रैवलर वाहन में सवार दो महिला यात्रियों की जान भी चली गई। वाहन में सभी यात्री कर्नाटक के है। वे उज्जैन में महाकाल के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। हादसा मानपुर के भैरव घाट में हुआ। वाहन में सवार अन्य यात्रियों को भी गंभीर चोट आई है। उन्हें इंदौर के एमवाय अस्पताल में भर्ती किया गया है।

इस हादसे में बाइक सवार निवासी हिमांशु और शुभम की मौत हो गई। दोनो महू क्षेत्र के ही निवासी है। घायलों में सविता पति तुकाराम, सुभाष रेन, तीरथ पिता रामचंद्र, श्रुति पिता अमर, सागर, भाव सिंह, शिव पिता श्रीकांत, बबीता पति फकीरा, मालती पति कृष्णा, सुनीता पति श्रीकांत, प्रशांत, लता, नीलू और बांगला वड़ियप्पा व अन्य घायल हुए है।

### वाहन की स्पीड कंट्रोल नहीं हो पाई

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रैवलर वाहन की गति बहुत ज्यादा थी। वह नियंत्रित नहीं हो पाया और बाइक को टक्कर मारने के बाद टैंकर में जा घुसा। वाहन के आगे का भाग क्षतिग्रस्त हो गया था। घायलों को खिड़की के शीशे तोड़कर बाहर निकाला गया। ड्रायवर की हालत भी नाजुक बनी हुई है।

### वाहनों की चेकिंग की मुहिम जारी

# 4 वाहन जब्त, 70 हजार रुपए का जुर्माना किया गया वसूल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों बसों, स्कूल वाहनों तथा अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा वाहनों की विशेष चेकिंग की गई। इस अभियान में लापरवाही पाये जाने पर 04 वाहनों को जप्त कर संचालकों के विरूद्ध 70 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।**

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की जा रही है। वाहनों की चेकिंग की कार्यवाही निरन्तर जारी है। जिसमें वाहनों के फ़िटनेश परमिट बीमा PUC, कर प्रमाण पत्र भी चेक किये जा रहे है। बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की जा रही है। लोगों को अपने वाहनों पर HSRP






नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। कार्यवाही के दौरान एक बस इंदौर से इंडोरामा बिना परमिट चलते पाए जाने पर जब्त की गई। एक स्कूली बस सहित कुल 03 वाहन बिना फिटनेस के पाए जाने पर जब्त कर जुर्माना लगाया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में कुल 04 वाहन जब्त किए गए। इन वाहनों पर मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं में कार्यवाही कर 70 हजसा रुपये जुर्माना वसूला गया।

# अवैध मदिरा के खिलाफ आबकारी विभाग की सख्त कार्रवाई, 35 प्रकरण दर्ज

### 54.36 बल्क लीटर देशी मदिरा, 0.82 बल्क लीटर विदेशी मदिरा स्पिरिट, 55 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 550 किलोग्राम महुआ लहान और 71.32 किलोग्राम भांग जब्त

### ◆ 2 दोपहिया वाहन भी जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जिला कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग इंदौर द्वारा जिले के विभिन्न वृत्तों में अवैध मदिरा के खिलाफ सघन कार्रवाई की जा रही है। आज सामुहिक गश्त में समाजवादी इंदिरा नगर, लक्कड़ पीठा, जीएनटी मार्केट, तेलीबाखल, छत्रीपुरा, शांति नगर पन्नालाल चौराहा और मुसाखेड़ी क्षेत्र में कार्रवाई की गई। इस दौरान 35 प्रकरण दर्ज किए गए और बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा जब्त की गई।

सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे ने बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध मदिरा के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। अभियान में कार्रवाई के दौरान 54.36 बल्क लीटर देशी मदिरा, 0.82 बल्क लीटर विदेशी मदिरा स्पिरिट, 55 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 550 किलोग्राम महुआ लहान और 71.32 किलोग्राम भांग जब्त की गई। साथ ही दो दोपहिया वाहन जिनमें एक जूपिटर और एक एक्सेस स्कूटी भी जब्त की गई। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 3 लाख 44 हजार 175 रुपये आंकी गई है।

विशेष रूप से आबकारी वृत्त छावनी प्रभारी कमलेश सोलंकी के नेतृत्व में मुसाखेड़ी क्षेत्र के मयूर नगर में ओमसाईं मंदिर के पास से आरोपी मनोज कौशल के कब्जे से 50 पाव प्लेन और 50 पाव मसाला मदिरा बरामद की गई। जिसे सफेद रंग की जूपिटर स्कूटी की डिक्की और कपड़े की थैली में छुपाकर रखा गया था। इसी प्रकार शांति नगर पन्नालाल चौराहे पर स्कूटी की डिक्की से 48 पाव मसाला मदिरा शराब बरामद कर आरोपी रोहित पिता घनश्याम को गिरफ्तार कर एक बिना नंबर की दोपहिया टीवीएस एक्सेस स्कूटी जप्त की गई। सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के कारोबार और सेवन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। आबकारी संबंधी अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी तत्काल प्रशासन को दें, ताकि नशे और अवैध शराब के दुष्प्रभावों से समाज को बचाया जा सके।

# गांधी-पटेल की प्रतिमाएं बदलेंगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नाले में होने वाली अगली एमआईसी बैठक के प्रस्ताव तैयार होने लगे हैं। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि अगली एमआईसी बैठक में महात्मा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल की नई प्रतिमाएं लगाई जाएंगी। साथ ही ये ब्रिज जिस सर्कल से शुरू होंगे उनका सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा।**

इस मुद्दे पर अगली एमआईसी की बैठक में निर्णय लिया जाएगा। बता दें अगली एमआईसी बैठक महापौर ने पीलिया खाल नाले में करने का निर्णय लिया है। इस नाले को सफाई अभियान में शामिल कर पूरी तरह से स्वच्छ कर दिया गया है। आसपास के रहवासी भी 24 घंटे बदबू से परेशान रहते थे। इस नाले में गाद और गंदगी इतनी थी कि यहां खड़े रहना भी मुश्किल था। अब नाले की सूरत पूरी तरह बदल गई है। किनारों पर खूबसूरती बढ़ाने के साथ बैठक व्यवस्था भी हो चुकी है।प्रतिमाएं कैसी हों इसके लिए गांधी वादी विचारक, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, शहर के सभी जनप्रतिनिधियों को भी इस मामले में साथ रखा जाएगा। महापौर द्वारा आज विधानसभा एक के वार्ड चार का दौरा किया साथ ही स्थानीय नागरिकों के साथ टाउन हाल मीटिंग की जिसमे नागरिकों से वार्ड का फीड बैक लिया और आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण की जानकारी भी साझा की, इस अवसर पर स्थानीय पार्षद बरखा नितिन मालू सहित झोनल अधिकारी पल्लवी पाल भी सम्मिलित हुए।

## सामूहिक विवाह 25 फरवरी को

**इंदौर।** इंदौर में श्री कान्यकुब्ज विद्या प्रचारिणी सभा द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह 25 फरवरी को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया जाएगा। सभा के अध्यक्ष पंडित संजय शुक्ला और प्रधानमंत्री पंडित अनूप वाजपेयी ने कहा कि कुछ वर-वधु पक्षों के अभिभावकों द्वारा समारोह के निरस्त होने की फैलाई जा रही अफवाहें निराधार हैं। कार्यक्रम के प्रभारी पंडित दीपक शुक्ला के नेतृत्व में समस्त कार्यकारिणी समिति ने कहा है कि यह आयोजन समाज की एकजुटता और सामाजिक सरोकार का प्रतीक है, जो परंपरागत भव्यता के साथ संपन्न होगा।

# वायु गुणवत्ता सुधार संबंधी बैठक आज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इन्दौर में वायु गुणवत्ता में सुधार लाने की दृष्टि से बनाये गए एक्शन प्लान की मॉनीटरिंग संबंधी बैठक कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में 7 फरवरी को दोपहर 12 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष क्रमांक 102 में आयोजित की गई है। बैठक में प्रमुख सचिव पर्यावरण विभाग द्वारा 16 अक्टूबर 2024 को राज्य स्तरीय समिति की बैठक में दिये गये निर्देशों के संबंध में विभिन्न विभागों द्वारा की गई कार्यवाही, शहरों में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु माह अक्टूबर से जनवरी 2025 तक विशेष अभियान के तहत कार्यवाही, खुले में कचरा जलाने संबंधित प्राप्त होने वाली शिकायतों पर नगर निगम इंदौर द्वारा की जा रही कार्यवाही तथा नगर निगम इन्दौर द्वारा प्रस्तावित कार्ययोजना एवं उसके क्रियान्वयन की स्थिति पर चर्चा की जाएगी।

# नलजल योजना के कार्यों को गंभीरता से नहीं लेने पर प्रभारी सहायक यंत्री को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जल जीवन मिशन अंतर्गत नलजल योजना के कार्यों को गंभीरता से नहीं लेने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन ने प्रभारी सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड इदौर श्री अशोक भालराय को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में कहा गया है कि विगत दिनों कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जल जीवन मिशन की बैठक में नलजल योजना के कार्यों की समीक्षा के दौरान श्री अशोक भालराय द्वारा संतुष्टि पूर्वक उत्तर नहीं दिये गये। कार्यों की समीक्षा के दौरान इनके द्वारा बताए गए कारण असंतोषप्रद रहे। जिससे यह प्रतीत होता हैं कि इनके द्वारा जल जीवन मिशन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। जिसके कारण इन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

# विधायक उषा ठाकुर ने गोसेवा, भजन और कन्या पूजन के साथ मनाया जन्मदिन

### बाबा रणजीत हनुमानजी के दर्शनकर शिखर ध्वजा के साथ अन्न क्षेत्र में प्रसाद वितरण किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। डॉक्टर आंबेडकर नगर महू की भाजपा विधायक उषा ठाकुर ने अपना जन्मदिन अलग अंदाज में मनाया उन्होंने इस खास दिन को भौतिक उपहारों के बजाय आध्यात्मिक और सामाजिक कार्यों से सजाया।**

विधायक उषा ठाकुर का जन्मदिन भक्ति भजन और गोसेवा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उषा ठाकुर ने अपने समर्थकों और परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर भक्ति भजन किया। इंदौर-उज्जैन रोड पर श्री मुरारी लाल तिवारी गोशाला में गो सेवा करते



हुए उन्होंने गायों को चारा खिलाया और उनकी सेवा की। गोसेवा के बाद बाबा रणजीत हनुमानजी के दर्शनकर शिखर ध्वजा लगा कर अन्न क्षेत्र में प्रसाद वितरण किया। दोपहर में उनके संगम नगर स्थित निज निवास व कार्यालय में कार्यकतार्ओं और समर्थकों के बीच जन्मदिन मनाया। इस दौरान पौधारोपण भी किया। मंत्री तुलसी सिलावट जी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण चावड़ा सहित अनेक पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकतार्ओं ने दीदी से मिलकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। संगम नगर में कन्या पूजन कर हलवे का प्रसाद वितरण किया। आकर्षक आतिशबाजी भी की गई। इस अवसर पर सुभाष महोदय, राकेश ठाकुर, विजय मेहता,शिव कोल, शैलेंद्र तिवारी, महेश अग्रवाल,राजेश गोयल, दिलीप मोदी, अक्षय मित्तल,बबलू मित्तल,अरुण बागड़ी, संदीप पवार, सुनील यादव, वीरेंद्र अंजना, पियूष अग्रवाल, महेश यादव, रूपेश वाघमोरे, संजय मीणा, नवीन तिवारी, कंचन चौहान, ओम परसावादीया, टिंकू ठाकुर, ब्रम्ह स्वरूप नागर, लखन मंडलोई, निकोश मलिक, सुन्न यादव, रिषभ सोलंकी सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता, वरिष्ठ जन मौजूद थे।

# यूपी गैंगरेप मर्डर की घटना में पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे दलित नेता

## अखिल भारतीय बलाई महासंघ के मनोज परमार चुनाव छोड़कर अयोध्या पहुंचे

◆ अयोध्या सिटी मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की

◆ दलित नेता ने पीड़ित परिवार को 51000 रुपए की आर्थिक मदद की...









@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। उत्तरप्रदेश के अयोध्या जिले के ग्राम सहनवा में 22 वर्षीय वाल्मीकि समाज की दलित युवती गांव में ३० जनवरी को भागवत कथा सुनने गई थी।**

वहां से उसका अपहरण अज्ञात अपराधियों ने कर लिया और उसका गैंगरेप कर उसके प्रायवेट पार्ट में लठ घुसेड़ दिया जिससे उसकी जान चली गई मृत्यु पश्चात् आंखें फोड़ दी, स्तनों को और चेहरे को ब्लेड से कई जगहों पर काटा गया, बहुत ही निर्मम और बेरहमी से युवती को मौत के घाट उतारा गया और उसके शव को बांध कर नग्न अवस्था में गांव के पास नहर में फेंक दिया। 3 दिन पश्चात् दलित युवती की लाश हाथ पैर बंधे हुए नग्न अवस्था में गांव के लोगों को नहर के पास मिली। शव की हालत बहुत ही क्षत विक्षत थी, किसी की हिम्मत नहीं थी कि उसकी लाश को देख सके।

इस दर्दनाक घटना ने सभी को हिला कर रख दिया उक्त घटना की खबरें राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित हुई तब जाकर यूपी पुलिस सक्रिय हुई और लाश मिलने के 36 घंटे में आरोपीयों की शिनाख्त कर गांव के ही दिग्विजय सिंह, विजय साहू, हरिराम कोरी, को गिरफ्तार कर उन्हें जैल भेज दिया।

### दिल्ली चुनाव को बीच में छोड़कर दलित नेता पहुंचे अयोध्या

गौरतलब है कि पिछले 20 दिनों से दिल्ली चुनाव में कैंपेनिंग कर रहे दलित नेता मनोज परमार को जब मीडिया के माध्यम से यह रोंगटे खड़े कर देने वाली खबर मिली तो चलते चुनाव को छोड़कर अपनी पूरी टीम के साथ अयोध्या के लिए निकल पड़े और अयोध्या पहुंच कर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। मृतका की 3 बहनें और 2 भाई हैं सभी अशिक्षित और मजदूर हैं मां लकवाग्रस्त हैं पिता ज्यादातर बीमार रहते हैं अत्यंत गरीबी में जीवन जी रहा यह मजदूर परिवार जैसे तैसे मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता है।

इन परिस्थितियों को देखकर अखिल भारतीय बलाई महासंघ की टीम ने तत्काल 51000 का चेक मृतका की मां को प्रदत्त किया।

### पीड़ित परिवार को लेकर अयोध्या कलेक्टर चंद्रविजय सिंह से मिलने पहुंचे परमार

अखिल भारतीय बलाई महासंघ के कार्यकर्ता और मृतका के परिजनों को लेकर अयोध्या कलेक्टर से मिलने पहुंचे परमार ने बताया कि आज मिल्कीपुर विधानसभा का उपचुनाव का मतदान होने से उच्च प्रशासनिक अधिकारियों की चुनावी ड्यूटी लगी थी इसलिए कलेक्टर ने मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट राजेश मिश्रा को ज्ञापन लेने भेजा इस दौरान SHO मनोज शर्मा एडिशनल DCP अश्विनी पाण्डेय भी उपस्थित रहे उक्त घटना को लेकर परमार ने अधिकारियों के सामने आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि इतनी बड़ी निर्मम हत्या हुई बेरहमी से मौत के घाट उतारा गया प्रायवेट पार्ट में कांच के टुकड़े मिले ब्लेड से चेहरे ओर आंखों को गोदा गया और up पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया इनकाउंटर क्यों नहीं किया?

जबकि इस घटना से पवित्र अयोध्या नगरी शर्मशार हुई है और आपने गिरफ्तारी कर इतिश्री कर ली।

अधिकारी अपनी सफाई देते रहे ओर परमार मांग करते रहे कि परिजनों को १ करोड़ रुपए का आर्थिक मुआवजा दिया जाए ओर परिवार के किसी १ सदस्य को शासकीय सेवा में लिया जाए साथ ही आरोपियों के मकान तोड़े जाएं और केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाए सहित विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर मुख्य रूप से अमरीश बिजौनियां प्रदीप मालवीय संतोष अलोने लोकेश मालवीय पंडित कमल शर्मा पंडित पवन जोशी पंडित मोहित मेहता विकास पथरोड दिनेश हिरवे सुनीता ठाकुर नर्मदा गुर्जर विमला भंडारी रेखा वर्मा भारत मालवीय सौरभ खरे हर्ष राठौर राज परमार योगेश चौहान विशाल राहुल सेन सूरज सिंह राठौर अजब सिंह मालवीय दादू सुनील सिंह ठाकुर सोमबहादुर सोनी अमित चिनाल अंकित मालवीय चेतन परमार बलराम भालसे मोहित बाबुलकर सन्नी सोलंकी मनीष यादव मुकेश प्यासे अजय सकतपुरिया गणेश राव अनिल अचाने दीपेश लटके सौरभ सिंह राठौड़ दीपक वानखेड़े सुजल भरसे दीपक मालवीय सूरज वर्मा छोटू डागर राहुल सोलंकी अमन मालवीय कालू भावसार उमेश शर्मा गौरव वानखेड़े सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय दलित समाजजन और अखिल भारतीय बलाई महासंघ के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पुलिस से हुज्जत करने वाले आरोपियों का निकाला जुलूस



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बाणगंगा में एसआई तारेश्वर इक्का के साथ हुज्जत कर वायरलेस सेट और बेंच छीनने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनका इलाके में जुलूस भी निकाला गया, जहां वे हाथ-पैर टूटी हालत में लंगड़ाते हुए नजर आए।**

एडीशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार, मंगलवार की अलसुबह लवकुश चौराहे पर ड्यूटी कर रहे एसआई तारेश्वर इक्का के थार जीप में सवार युवकों ने मारपीट की थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी रवि पुत्र प्रेम सिंह राठौड़, निवासी शिवकंठ नगर और विकास पुत्र रमेश दबी, निवासी दीवाल वाली गली, शिवकंठ नगर को गिरफ्तार किया है। आरोपी विकास जोबट, जिला अलीराजपुर में उप जेल में जेल प्रहरी के रूप में पदस्थ है। दोनों आरोपियों का 7 फरवरी तक रिमांड लिया गया है। इस मामले में दो अन्य आरोपी, अरविंद और विकास की भी तलाश की जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का अरविंद अस्पताल के पास पैदल जुलूस निकाला, जिसमें वे हाथ-पैर जोड़ते नजर आए। इस दौरान, लोग काफी देर तक उन्हें देखते रहे और बदमाश पुलिस से माफी भी मांगते हुए दिखाई दिए।

# लिव-इन पार्टनर ने एक्टिवा में लगाई आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। द्वारकापुरी में एक महिला की एक्टिवा में उसके लिव-इन पार्टनर ने आग लगा दी। जानकारी के अनुसार, आरोपी रात के समय महिला की हत्या करने के इरादे से वहां पहुंचा था, लेकिन आसपास के लोगों के इकट्ठा होने पर उसने एक्टिवा में आग लगा दी और फरार हो गया। पुलिस ने रात में ही केस दर्ज कर लिया।**



द्वारकापुरी पुलिस ने रानी नाम की महिला की शिकायत पर रोहित मराठा के खिलाफ कार्रवाई की है। रानी ने बताया कि, उसकी पहली शादी को लगभग 15 साल हो गए थे, लेकिन 7 साल पहले वह अपने पति से अलग हो गई। इसके बाद करीब 4 साल पहले उसकी मुलाकात रोहित से हुई और दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे। तीन-चार माह पहले रोहित ने शराब के नशे में रानी के साथ मारपीट की और जब बच्चों ने बचाव किया तो उन्हें भी पीट दिया। इसके बाद रानी अपनी मां के पास गणेश मंदिर की गली में रहने लगी। बुधवार रात को रोहित मराठा यहां पहुंचा और घर में घुसकर रानी की मां को अपशब्द कहे, साथ ही मारपीट की। फिर हाथ में चाकू उठाकर रानी और बच्चों को मारने की धमकी दी। महिला से जबरदस्ती साथ चलने की जिद करने लगा। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। तब रोहित घर का सामान फेंकते हुए बाहर आ गया। उसने रानी से कहा, 'अगर तू साथ नहीं रहेगी तो ठीक नहीं होगा,' इसके बाद डर के मारे रानी ने दरवाजे बंद कर लिए। इसके बाद रोहित ने बाहर खड़ी एक्टिवा में पेट्रोल डालकर आग लगा दी और वहां से भाग गया। बाद में, आसपास के लोगों ने आग बुझाई। रात को पीड़िता थाने पहुंची और मामला दर्ज कराया।

# डीजे-लाउड स्पीकर के ध्वनि प्रदूषण पर प्रतिबंध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। आगामी परीक्षाओं के मद्देनजर कलेक्टर ने डीजे-लाउड स्पीकर पर पर प्रतिबंध लगा दिया है। फरवरी माह में सभी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी, जो अप्रैल तक चलेंगी। इसके चलते इंदौर में डीजे और लाउड स्पीकर ध्वनि प्रदूषण नहीं कर सकेंगे। कलेक्टर आशीष सिंह ने गुरुवार को धारा 163 के तहत आदेश जारी किए हैं। आदेश में कहा गया है कि जुलूस या आयोजन में मीडियम साइज के अधिकतम दो डीजे बॉक्स या लाउड स्पीकर बजा सकेंगे। लेकिन इसके लिए भी सक्षम प्राधिकारी से अनुमति लेना होगी। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक डीजे-लाउड स्पीकर प्रतिबंधित रहेंगे। कलेक्टर ने गुरुवार को इस संबंध में तीन पेज का आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने जारी आदेश में बताया कि बाई और स्कूटर पर प्रेशर हॉर्न भी प्रतिबंधित रहेगा। इनकी बिक्री भी भी प्रतिबंधित की गई है। इस संबंध में कलेक्टर से शिकायत की जा सकेगी। यह आदेश 6 जनवरी से 5 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा। ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

◆ नई दिल्ली में हुई गणतंत्र दिवस परेड-2025 में शामिल एनएसएस विद्यार्थियों का किया सम्मान

# समाज सेवा ही राष्ट्र की सेवा है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र प्रेम की सीख देने की जीवंत इकाई है। इसके नाम से ही सेवा का भाव उत्पन्न होता है। यह संगठन विद्यार्थियों के गुणों का संवर्धन कर उन्हें समुदाय विकास की मूल भावना से ओत-प्रोत कर देश के विकास में सहयोग देता है। यह बेहद प्रशंसनीय है कि आज हमारे विद्यार्थी एनएसएस को एक विषय के रूप में पढ़ रहे हैं। युवा ही देश का भविष्य हैं और इनमें सेवा भावना के विकास से देश का विकास और अधिक तीव्र गति से होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में गणतंत्र दिवस परेड-2025 नई दिल्ली में मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विद्यार्थियों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एनएसएस के समर्पण और सेवा भावना की सराहना करते हुए परेड में शामिल हुए विद्यार्थियों और उनके समन्वयकों को मैडल देकर सम्मानित किया और शुभाशीष भी दिया। इन एनएसएस विद्यार्थियों ने कर्तव्यपथ, नई दिल्ली में 26 जनवरी 2025 को हुई गणतंत्र दिवस परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश का नाम रौशन किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में समाजसेवा, राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और साहचर्य की भावना विकसित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों ने इस परेड में बेहतरीन प्रदर्शन कर पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को आगे भी समाजसेवा में हरसंभव सहयोग देने और राष्ट्रीय जागरूकता से जुड़े कार्यों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। युवा ऊर्जा को सही दिशा देकर हम सभी युवाओं की प्रतिभाओं को तराशकर प्रदेश के विकास में उनका सहयोग ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवा देश और प्रदेश के विकास की धुरी हैं। सभी को अपना कॅरियर बनाकर आगे बढ़ना चाहिए। देश के विकास के लिए युवाओं को राजनीति में भी आना चाहिए। राजनैतिक विकास से ही देश के सामाजिक विकास को बल मिलेगा। युवा सिर्फ रोजगार के पीछे न रहें। वे रोजगार मांगने वाले नहीं, वरन् रोजगार देने वाले बनें। हमारा राष्ट्र वसुधैव कुटुम्बकम की वैश्विक भावना से दुनिया में अच्छाईयां बांटने के लिए जाना जाता है। अच्छाईयां बांटना हमारी संस्कृति है, हमारी जीवनशैली है। इसलिए युवा अपने जीवन के बाकी गुणों के विकास के साथ-साथ सेवा भावना को भी अपनाएं और जीवन में आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एनएसएस द्वारा स्वच्छता, शुचिता, रक्तदान, जनजागरूकता कार्यक्रमों में सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि यह संगठन हमें सह अस्तित्व भाव से जीवन पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।




### एनएसएस से जुड़े हैं 1.60 लाख से अधिक विद्यार्थी

अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग श्री अनुपम राजन ने कहा कि एनएसएस शिक्षा द्वारा समाज सेवा और समाज सेवा द्वारा शिक्षा की मूल भावना से कार्य करने वाला राष्ट्रीय संगठन है। प्रदेश के सभी महाविद्यालयों के करीब एक लाख 60 हजार से अधिक विद्यार्थी इस संगठन से जुड़े हैं। जिन महाविद्यालयों में एनएसएस नहीं है, वहां भी एनएसएस यूनिट तैयार करने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड-2025 में शामिल हुए मध्यप्रदेश के एनएसएस दल के सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी और कहा कि राष्ट्र सेवा से जुड़कर सभी विद्यार्थी एक जिम्मेदार नागरिक बनें। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का एनएसएस बैच लगाकर स्वागत किया तथा प्रतीक चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा, उच्च शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक और भोपाल के विभिन्न महाविद्यालयों के एनएसएस स्वयंसेवक भी उपस्थित थे। आभार आयुक्त उच्च शिक्षा श्री निशांत वरवड़े ने माना।

# बागेश्वर धाम आएंगे पीएम मोदी! पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने भेजा है न्यौता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राजधानी भोपाल में 24 और 25 फरवरी को ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस) का पहली बार आयोजन हो रहा है। जीआईएस का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छतरपुर के बागेश्वर धाम आ सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल की आधारशिला रख सकते हैं। बागेश्वर धाम सरकार के नाम से मशहूर कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने पीएम मोदी को निमंत्रण भेजा है। इसकी जानकारी धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की ही तरफ से दी गई है। हालांकि, अभी पीएमओ की तरफ से बागेश्वर धाम जाने को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। दरअसल, धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल का निर्माण करा रहे हैं। पहले चरण में 100 बिस्तर का सभी सुविधाओं वाला अस्पताल बनकर तैयार होगा। इसके बाद इसका विस्तार किया जाएगा। अस्पताल के शिलान्यास का कार्यक्रम 23 फरवरी को होने जा रहा है। इसमें कई बड़ी हस्तियां शामिल होंगी। ऐसा माना जा रहा है कि यदि प्रधानमंत्री बागेश्वर धाम जाते हैं तो वह अस्पताल के शिलान्यास कार्यक्रम के बाद भोपाल आएंगे। जहां, राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। इसके अगले दिन 24 फरवरी को सुबह 10 बजे जीआईएस का शुभारंभ करेंगे।



### 30 देशों के राजदूत और काउंसलर आएंगे

राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आयोजित हो रही जीआईएस में 30 देशों के राजदूत और काउंसलर ने आने की सहमति दी है। इसमें कई देशों के निवेश और उद्योगपति भी शामिल होंगे। साथ ही केंद्र सरकार में मंत्री अविश्वनी वैष्णव, पीयूष गोयल, नितिन गडकरी, जीकिशन रेड्डी को भी निमंत्रण भेजा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कई मंत्री और उद्योगपति मुलाकात कर सकते है। इसके बाद प्रधानमंत्री 12 बजे भोपाल से रवाना हो जाएंगे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से बच्ची समेत दो की मौत, 40 घायल, सीएम ने जताया दुख

## चार-चार लाख की सहायता का एलान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना, एजेंसी।** गुना जिले के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से एक बच्ची समेत दो लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में 40 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। इनमें पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। ये सभी लोग गुना तहसील के कंचनपुरा से राजस्थान में आयोजित गूगेर मेले में शामिल होने जा रहे थे। सीएम डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के आश्रितों के लिए चार चार लाख की सहायता घोषित की है।

यह हादसा सुबह करीब 10 बजे उस समय हुआ जब श्रद्धालुओं से भरी अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली फतेहगढ़ से कुछ दूर रामनगर-सेनबोर्ड मोड़ पर अचानक पलट गई। दुर्घटना के समय ट्रॉली में महिला और बच्चों सहित करीब 45 लोग सवार थे। दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। लोगों ने फतेहगढ़ पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची ओर एम्बुलेंस आने से पहले ही तुरंत श्रद्धालुओं को पुलिस की गाड़ियों से जिला अस्पताल पहुंचाने का सिलसिला शुरु किया। हालांकि, कुछ देर बार एंबुलेंस भी मौके पर पहुंच गई और सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया।

दुर्घटना में 60 वर्षीय चिरोंजी लाल लोधा और 9 वर्षीय रमा बाई की मौत हो गई। घायलों के तुरंत जिला अस्पताल पहुंचते ही गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, एसपी संजीव कुमार सिन्हा, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसौदिया, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा और भाजपा नेता महेंद्र सिंह किरार सहित कई अधिकारियों, नेताओं ने हालात का जायजा लिया। कलेक्टर कन्याल ने कहा कि घायलों को बेहतर उपचार मुहैया कराना उनकी प्राथमिकता है।

**सीएम ने दिए हर संभव मदद के निर्देश-** दुर्घटना पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता की घोषणा की। इसके अतिरिक्त गुना जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद करने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दुर्घटना में दिवंगत नागरिकों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।



# नंदी के दसवें पर 2 युवकों ने कराया मुंडन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर, एजेंसी।** बुरहानपुर के सारोला गांव में नंदी (बैल) के दसवें पर गुरुवार को 2 युवकों ने मुंडन कराया। मुंडन कराने वाले मयूर महाजन और संतोष नानेश्वर मोरे ने बताया कि अब वो नंदी का पिंडदान भी करेंगे। जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों सारोला गांव से एक नंदी, जिसका नाम 'शंभू' था वो अचानक कहीं चला गया था। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत शिकारपुरा थाने में की थी। 31 जनवरी को नंदी के अवशेष मिलने पर ग्रामीणों और हिन्दू संगठनों ने शिकारपुरा थाने का घेराव किया था। इस मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की थी। मंगलवार को काफी संख्या में ग्रामीण, हिन्दू संगठन पदाधिकारी, सदस्य बुरहानपुर कलेक्ट्रेट पहुंचे थे और इस घटना में 20 से 25 आरोपियों के शामिल होने की आशंका जताई थी। साथ ही जिन आरोपियों को पकड़ा गया था उनके मकान तोड़ने और रासुका के तहत कार्रवाई किए जाने की मांग की थी।

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर कार पलटी, कुंभ से लौट रहे गुजरात के दंपति पत्नी की मौत, चार घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर, एजेंसी।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर गुरुवार को कार पलटने से गुजरात कॉर्पोरेशन विकास निगम के अधिकारी और उनकी पत्नी की मौत हो गई। वहीं, हादसे में चार लोग घायल हो गए, जिन्हें गंभीर हालत में अहमदाबाद रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार, मंदसौर जिले के शामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम हरिपुरा के पास गुरुवार सुबह यह हादसा हुआ। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर कार का टायर फटने से कार पलटी खा गई। हादसे में गुजरात कॉर्पोरेशन विकास निगम के अधिकारी नरेश शर्मा (50) निवासी अंकलेश्वर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, उनकी पत्नी मीना शर्मा (45) को गंभीर हालत में मंदसौर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया था, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। हादसे में घायल हुए लोगों में दंपति का 14 वर्षीय बेटा आयुष, मयूरी, ध्रुवी (मयूरी की बेटी) और कार चालक आदित्य शामिल हैं।

## संपादकीय

### 2025 जनवरी के महीने में सबसे अधिक तापमान

अगर आपने सर्दियों के इस मौसम में पिछले महीने यानी जनवरी में ज्यादा गर्मी का एहसास किया तो इसमें हैरत को कोई बात नहीं है। दरअसल, इस साल जनवरी के महीने में रेकॉर्ड सबसे अधिक गर्मी महसूस की गई। यूरोपीय क्लाइमेट एजेंसी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ऐसा 'ला नीना' के प्रभाव के बावजूद हुआ। 'ला नीना' जलवायु संबंधी घटना है, जो आमतौर पर ग्लोबल टेम्प्रेचर यानी तापमान को ठंडा करता है। जनवरी में ही वर्ल्ड मेट्रोलॉजिकल ऑर्गेनाइजेशन ने 2024 को अब तक का सबसे गर्म साल घोषित किया था। जनवरी के महीने में सबसे अधिक तापमान की घटना ऐसे समय में हुई है, जब धरती पर 2024 को सबसे गर्म साल के रूप में अनुभव किया जा रहा है। यह पहला ऐसा साल होगा, जब औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस से भी अधिक दर्ज किया गया। यूरोपीय क्लाइमेट सर्विस कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज के अनुसार, जनवरी 2025 में औसत तापमान 13.23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह पिछले साल सबसे गर्म जनवरी से 0.09 डिग्री और 1991-2020 के औसत से 0.79 डिग्री अधिक है। इस बीच दुनिया के कई हिस्सों में समुद्र की सतह का तापमान असामान्य रूप से अधिक रहा है। जनवरी में समुद्र की सतह का तापमान 20.78 डिग्री था। यूरोप के बाहर नॉर्थ-ईस्ट और नॉर्थ-वेस्ट कनाडा, अलास्का और साइबेरिया में औसत तापमान सामान्य से अधिक रहा। अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के अलावा अंटार्कटिक का औसत तापमान भी सामान्य से अधिक रहा। अमेरिका भी यही हाल रहा।

## महिला जगत

भारतीय महिला क्रिकेटर दीप्ति शर्मा ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। आइए जानते हैं कौन हैं दीप्ति शर्मा, क्या है उनकी उपलब्धि।

# मिलिए क्रिकेटर दीप्ति शर्मा से, जिन्होंने तय किया नीली जर्सी से खाकी वर्दी तक का सफर

**पूर्व क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी भारतीय प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं तो वहीं केएल राहुल रिजर्व बैंक आफ इंडिया में सहायक प्रबंधक के पद पर हैं। वहीं अगर पुलिस विभाग में सेवा देने वाले खिलाड़ियों की बात की जाए तो मोहम्मद शिराज, जोगिंदर शर्मा और हरबजन सिंह पुलिस विभाग में अलग-अलग पद पर कार्यरत हैं। इसी सूची में अब एक महिला क्रिकेटर का नाम जुड़ गया है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी दीप्ति शर्मा को उत्तर प्रदेश सरकार ने यूपी पुलिस में डिप्टी सुपरिंटेंड आफ पुलिस (डीएसपी) के पद पर नियुक्त किया है। खास बात है कि डीएसपी का पद क्रिकेटर मोहम्मद सिराज के बाद महिला क्रिकेट टीम की प्रसिद्ध आलराउंडर दीप्ति शर्मा को मिला है। भारतीय महिला क्रिकेटर दीप्ति शर्मा ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। आइए जानते हैं कौन हैं दीप्ति शर्मा, क्या है उनकी उपलब्धि।**




### कौन हैं दीप्ति शर्मा?

दीप्ति शर्मा का जन्म 24 अगस्त 1997 को उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के शमशाबाद में हुआ था। उनके पिता भगवान शर्मा भारतीय रेलवे में कार्यरत थे, जबकि उनकी माता, सुशीला शर्मा एक प्रधानाचार्या हैं। दीप्ति के बड़े भाई सुमित शर्मा, उत्तर प्रदेश के पूर्व तेज गेंदबाज रहे हैं, जिनसे प्रेरित होकर दीप्ति ने क्रिकेट की ओर रुझान बढ़ाया।

### दीप्ति शर्मा का करियर

दीप्ति ने मात्र 9 वर्ष की आयु में क्रिकेट खेलना शुरू किया। 12 साल की उम्र में दीप्ति का सेलेक्शन उत्तर प्रदेश की टीम में हो गया था। वहीं वर्ष 2014 में दीप्ति भारतीय महिला क्रिकेट टीम में सलेक्ट हो गईं। इसी वर्ष उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने वनडे करियर की शुरुआत की। इसके बाद जनवरी 2016 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में पदार्पण किया। जून 2021 को इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में भी डेब्यू किया।

साल 2017 में दीप्ति ने आयरलैंड के खिलाफ एक मैच में पूनम राउत के साथ मिलकर 320 रनों की विश्व रिकॉर्ड ओपनिंग साझेदारी की, जिसमें दीप्ति ने 188 रन बनाए। यह महिला वनडे क्रिकेट में दूसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है।



### दीप्ति शर्मा की उपलब्धि

दीप्ति को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वर्ष 2020 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनके नाम ऐतिहासिक उपलब्धि भी हैं। दीप्ति 20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर हैं। दीप्ति ने WPL में यूपी वारियर्स के लिए खेलते हुए हैट्रिक लेकर इतिहास रचा और ऐसा करने वाली पहली भारतीय गेंदबाज बनीं।

### डीएसपी नियुक्ति

दीप्ति शर्मा की खेल में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए यूपी पुलिस में उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) के पद पर नियुक्त किया गया है। यह सम्मान न केवल उनके खेल कौशल का प्रमाण है, बल्कि युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है।

Manipur

# हाथों में खतरनाक हथियार और फुटबॉल ट्रेनिंग, मणिपुर का सनसनीखेज वीडियो वायरल

**मणीपुर, (एजेंसी)** पिछले लंबे अरसे से मणिपुर में हालत काफी खराब हैं। इस बीच मणिपुर से एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। इसमें कुछ लोग हाथों में हथियार लेकर मैदान में फुटबॉल खेलते दिखाई दे रहे हैं। इन लोगों ने अपने हाथ में जो हथियार ले रखा है वह कोई साधारण बंदूकें नहीं हैं, बल्कि एके-47 और अमेरिका की एम सिरीज की असॉल्ट राइफल हैं। फुटबॉल मैच वॉर्मअप का यह वीडियो सबसे पहले मणिपुर के कंगपोकपी जिले के सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के पेज पर दिखाई दिया था। अब यह वीडियो वायरल हो रहा है।



वीडियो में एक पोस्टर भी दिखाई दे रहा है, जिसके ऊपर जगह का नाम लिखा हुआ है। यह जगह नोहजांग किपगेन मेमोरियल प्लेग्राउंड है, जो गमनोमफाई गांव में स्थित है। यह गांव मणिपुर की राजधानी से करीब 30 किलोमीटर की दूरी पर है। वीडियो में जो खिलाड़ी दिखाई दे रहे हैं उनकी फुटबॉल जर्सी के सामने सनाखांग लिखा हुआ है। वहीं, एके राइफल पकड़े खिलाड़ी की जर्सी के पीछे गिना किपगेन और 15 नंबर लिखा है। पोस्टर पर लिखी जानकारी के मुताबिक यह मैच 20 जनवरी को खेला गया था।

पिछले लंबे अरसे से मणिपुर में हालत काफी खराब हैं। इस बीच मणिपुर से एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। इसमें कुछ लोग हाथों में हथियार लेकर मैदान में फुटबॉल खेलते दिखाई दे रहे हैं।

New Delhi

## NCR के दो स्कूलों, DU के एक कॉलेज को मिली बम से उड़ाने की धमकी, मौके पर पुलिस-बम स्क्वॉड



**नोएडा, (एजेंसी)** एनसीआर दो स्कूलों और दिल्ली यूनिवर्सिटी के एक कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। जिसके बाद छात्रों को घर भेज दिया गया है। मौके पर पुलिस, बम स्क्वॉड, फायर डिपार्टमेंट की टीमें मौजूद हैं जो परिसर की जांच कर रही हैं। धमकी शुक्रवार सुबह पूर्वी दिल्ली के एल्कॉन पब्लिक स्कूल और नोएडा के शिव नादर स्कूल को भेजी गईं। दिल्ली यूनिवर्सिटी के सेंट स्टीफंस कॉलेज को भी ईमेल के जरिए धमकी मिली है। डीसीपी नॉर्थ दिल्ली ने बताया कि उन्हें इसे लेकर सुबह 07:42 बजे धमकी भेजे की जानकारी मिली। धमकी मिलने के बाद स्कूलों को बंद कर दिया गया है और सुरक्षा एजेंसियों को बुलाकर पूरे परिसर की जांच करवाई जा रही है। पुलिस टीम, बॉम्ब स्क्वाड, फायर ब्रिगेड, डॉग स्क्वाड पूरे कैंपस की जांच कर रहा है। पुलिस उच्चाधिकारी मौके पर मौजूद हैं। साइबर टीम द्वारा ई-मेल के संबंध में जांच की जा रही है। शिव नादर की स्कूल प्रिंसिपल ने धमकी को लेकर अभिभावकों को मैसेज भेजा है। जिसमें उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को घर पर ही रखने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया है कि जो बच्चे स्कूल बस में बैठ चुके हैं उन्हें वापस भेजा जा रहा है। धमकी मिलने के बाद छात्रों को घर वापस भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसओपी का पालन किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि स्कूलों को ईमेल के जरिए धमकी भेजी गई है।

West Bengal

## छुट्टी न मिलने पर बंगाल के शख्स ने सहकर्मियों पर चाकू से हमला किया, फिर हथियार लेकर घूमता रहा

**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल के एक सरकारी कर्मचारी ने छुट्टी न मिलने पर अपने कम से कम चार सहकर्मियों पर चाकू से हमला कर दिया। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि आरोपी की पहचान अमित कुमार सरकार के रूप में हुई है। वह कोलकाता के न्यूटाउन इलाके में कारीगरी भवन के तकनीकी शिक्षा विभाग में काम करता था। सरकार ने अपने सहकर्मियों पर चाकू से हमला किया और फिर हथियार लेकर शहर में घूमता रहा। खून से भीगा हुआ चाकू हाथ में लेकर शहर में घूमते हुए उसका एक वीडियो सामने आया है। इसमें वह दिनदहाड़े पीठ पर एक बैग और हाथ में दूसरा बैग लेकर घूमता हुआ दिखाई दे रहा है। कुछ राहगीरों को अपने मोबाइल फोन पर आरोपी का वीडियो बनाते हुए देखा जा सकता है। इस दौरान सरकार ने लोगों से पास न आने को कह रहा है और उन्हें डरा रहा है।

Tamil Nadu

## ट्रेन में प्रेग्नेंट महिला का यौन शोषण..., चीखी चिल्लाई तो बदमाशों ने फेंक दिया गेट से बाहर

**वेल्लोर, (एजेंसी) तमिलनाडु के वेल्लोर में चार माह की गर्भवती महिला के साथ ट्रेन में यौन शोषण का मामला सामने आया है. जोलारपेट्टै के पास महिला को ट्रेन से नीचे भी उतार दिया गया**

कोयंबटूर में एक कपड़ों की कंपनी में काम करने वाली महिला चित्तूर की यात्रा के लिए ट्रेन में चढ़ी. यहां कोच के अंदर दो लोगों ने कथित तौर पर उसका यौन शोषण किया. जब वह वहां से उठकर वॉशरूम चली गई तो उसका पीछा करते हुए गए. तभी युवती के चीखने की आवाज आई. वह मदद के लिए चिल्लाने लगी, तो आरोपियों ने उसे केवी कुप्पम के पास ट्रेन से बाहर धकेल दिया था.



महिला का हाथ और पैर टूट गए और उसके सिर पर चोट आयी. फिर उसे इलाज के लिए जिला सरकारी अस्पताल ले जाया गया. जोलारपेट्टै पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हेमराज नाम के एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है.रेलवे पुलिस अन्य अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी खंगाल रही है.

खेल

# हर्षित-जडेजा के बाद आया श्रेयस-शुभमन और अक्षर का तूफान

### जीत के साथ भारत ने बनाई 1-0 से बढ़त

**नागपुर, (एजेंसी)** भारत ने इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। इससे पहले टीम इंडिया ने इंग्लैंड को पांच मैचों की टी20 सीरीज में 4-1 से हराकर सीरीज अपने नाम की थी। गुरुवार को नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 47.4 ओवर में 248 रन बनाए। जवाब में भारत ने 38.4 ओवर में छह विकेट पर 251 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। वनडे विश्व कप 2023 के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने आठ में से सात वनडे मैच गंवाए हैं। अब टीम इंडिया की नजर दूसरे वनडे में जीत के साथ



अजेय बढ़त बनाने पर होगी। यह मुकाबला कटक में नौ फरवरी को खेला जाएगा।

### जायसवाल-रोहित के बाद गिल-अय्यर ने संभाला मोर्चा


लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई थी। यशस्वी जायसवाल (15) और रोहित शर्मा (02) 19 रन के स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद मोर्चा शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर ने संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 64 गेंदों में 94 रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान दाएं हाथ के बल्लेबाज श्रेयस ने अपने वनडे करियर का 19वां पचासा किया। इसके लिए उन्होंने 30 गेंदें खेलीं। इस प्रारूप में यह उनके बल्ले से निकली दूसरी सबसे तेज फिफ्टी है। इससे पहले उन्होंने 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 28 गेंदों में अर्धशतक जड़ा था।

### अय्यर के बाद गिल को मिला अक्षर का साथ

30 वर्षीय बल्लेबाज को जैकब बेथेल ने 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट किया। अय्यर 36 गेंदों में नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से 59 रन बनाने में कामयाब हुए। इसके बाद पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए अक्षर पटेल ने शुभमन गिल का साथ दिया और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 100 से ज्यादा रनों की विशाल साझेदारी हुई, जिसे आदिल रशीद ने 34वें ओवर में तोड़ा। उन्होंने बाएं हाथ के बल्लेबाज अक्षर पटेल को बोल्ड किया। वह 47 गेंदों में 52 रन बनाकर लौटे। उन्होंने 46 गेंदों में अपने वनडे करियर का तीसरा अर्धशतक पूरा किया।

सिनेमा

## सोनू सूद के खिलाफ जारी हुआ अरेस्ट वारंट, 10 लाख की धोखाधड़ी से जुड़ा है मामला



बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। सोनू सूद के खिलाफ लुधियाना की एक अदालत ने धोखाधड़ी के एक मामले में उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। लुधियाना के वकील राजेश खन्ना द्वारा दायर एक मामले के संबंध में सूद को समन जारी किया गया था, जिसमें मोहित शुक्ला नाम के एक व्यक्ति पर 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। सोनू सूद को कोर्ट में 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में गवाही देने के लिए बार-बार समन भेजे गए, पर वह एक बार भी नहीं पहुंचे। इसी को लेकर अब उनकी गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया है। दरअसल, लुधियाना के वकील खन्ना ने आरोप लगाया था कि मोहित शुक्ला ने उन्हें नकली रिजिका सिक्के में निवेश करने का लालच दिया था और सोनू को इस मामले में गवाही देनी थी। लुधियाना की न्यायिक मजिस्ट्रेट रमनप्रीत कौर ने वारंट जारी किया है। वारंट मुंबई के अंधेरी पश्चिम में ओशिवारा पुलिस स्टेशन को भेजा गया है, जिसमें उन्हें अभिनेता को गिरफ्तार करने और अदालत में पेश करने का निर्देश दिया गया है। मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश में कहा गया है, 'सोनू सूद को कई बार समन भेजे गए, जिसकी उन्हें जानकारी भी हुई, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए। सोनू एक बार भी गवाही देने के लिए कोर्ट में नहीं पहुंचे।

## Highlights

1. Bengaluru's pub industry struggles amid rising costs
2. Cadaver shortage impacts medical training in Telangana
3. BRS to opt out of Telangana MLC polls, focus on local body polls
4. PM Modi takes a dig at Congress in Rajya Sabha, recites 'shayari'
5. Kameshwar Chaupal who laid first brick for Ram Temple dies
6. RBI's new Governor Sanjay Malhotra cuts repo rate by 25 bps

# iPhone SE 4 launch: Apple's entry-level model up for an overhaul in coming days

**NEW DEIHI, (Agency).** Apple's new iPhone SE 4 model is nearing release, and the company plans to unveil the much-anticipated overhaul to its entry-level smartphone in the coming days.



Apple first came out with the SE model in 2016 as an entry-level smartphone. The current model came out in 2022 but lacks a face ID and Is the only model in the company's lineup with a home button. The new version will look more like the iPhone 14 and also include Apple Intelligence, the company's AI software.

The announcement is expected as early as next week, ahead of it going on sale later in the month, Bloomberg reported. The device is likely to be launched on the tech giant's website, with a launch event highly unlikely.

The move is being seen as a bid by Apple to modernise its lower-cost model to spur growth and entice consumers to switch from other brands.

There are already telltale signs that the new phone is coming. Inventory of the current iPhone SE has dried up at Apple retail stores in many parts of the US, which typically happens before a refresh.

Apple retail employees at several stores say that inventory has been dwindling for weeks and customers who want to buy the device in certain configurations sometimes need to be turned away.

The phone remains available for purchase on Apple's online store but some configurations, including a red version with 256 GB of storage, aren't shipping until March. Stockpiles of the iPhone 14 and 14 Plus also are running low.

The current SE costs $429, which is hundreds less than the $799 regular iPhone 16. Given the new features and design of the updated SE 4 model, Apple may increase that price.

# Akasa Air raises funds from Azim Premji, Ranjan Pai family offices

**NEW DEIHI, (Agency).**ndia's youngest airline, Akasa Air, said on Thursday that it has signed agreements with investors to raise fresh capital. The airline said that a group of prominent Indian investors, including Premji Invest (the investment arm of Azim Premji), Claypond Capital (Dr. Ranjan Pai's investment office), and funds managed by 360 ONE Asset, an asset management firm, have signed agreements to invest in Akasa Air. The airline said the family of late billionaire Rakesh Jhunjhunwala has committed additional capital to support the airline. Jhunjhunwala's investment in August 2022 played a key role in starting the airline. "These agreements are pending regulatory approval," the airline said.Akasa Air has a market share of 4.6%, next to IndiGo and the Air India group that together control nearly 90% of India's domestic aviation market. Vinay Dube, founder and the airline's chief executive officer said these were not just financial transactions but an investment in the airline's vision and commitment. "We are thankful to our marquee investors for placing their confidence in Akasa Air and its leadership, and to the Jhunjhunwala family for their unwavering faith in the Akasian dream. These investment agreements will empower us to build on the future that every Akasian has envisioned—one that's bright for each of us as well as for all of India, as we transform the way customers experience air travel," he said






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक